





# कलेक्टर ने जिपं कार्यालय का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 12 कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

**अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई :** निरीक्षण के दौरान

## कर्मचारी मिले अनुपस्थित, आधे दिवस का वेतन काटने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी नितिन दुबे, जिला समन्वयक विनोद भदौरिया, लेखा सहायक देवेन्द्र सिंह यादव, चरन सिंह (शिक्षा), ब्लॉक समन्वयक विकास उपाध्याय, सहायक ग्रेड-3 प्रेमशंकर सिंह यादव, सर्वेश वैध, कोकसिंह नरवरिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, राहुल शर्मा, शिवकुमार सिंह एवं भ्रत्य गीता त्रिपाठी को अनुपस्थित पाया।

कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड को निर्देश दिए कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का आधे दिवस का वेतन काटा जाए। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में पुन: इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### साफ-सफाई व्यवस्था भी परखी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन एवं स्वच्छ वातावरण अनिवार्य है, जिससे आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

# अपर कलेक्टर ने किया गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** अपर कलेक्टर ने शुक्रवार को दौनियापुरा गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भंडारण, किसानों की सुविधाओं एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का अवलोकन किया।

**पारदर्शिता और समयबद्ध खरीदी के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों को खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप खरीदी केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए, जिससे किसानों को अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था पर जोर

अपर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केंद्र परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय गोहद में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-मेहगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-गोहद के निर्वाचन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**निर्वाचन संबंधी कार्यों पर दिया विशेष जोर :** समीक्षा बैठक में निर्वाचन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जादौन ने विशेष रूप से बीएलओ कॉल तथा डीएससी संबंधी कार्यों पर प्राथमिकता के साथ ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य समय-सीमा में एवं गंभीरता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू एवं त्रुटिरहित रूप से संपादित हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर एल.के. पांडे, अनुविभागीय अधिकारी गोहद राजन नाडिया, अनुविभागीय अधिकारी मेहगांव नवनीत शर्मा सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** गोरमी में चार्ज अधिकारी जनगणना एवं तहसीलदार मनीष दुबे द्वारा जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जिला एल.के. पांडे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव नवनीत शर्मा एवं शिवराज सिंह कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**169 एचएलबी में से 32 का कार्य पूर्ण :** तहसीलदार मनीष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गोरमी क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए कुल 169 एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 32 एचएलबी का कार्य प्रगणकों द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले प्रगणकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### जनगणना शासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर एल.के. पांडे ने प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना शासन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी निष्ठा, सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी प्रगणकों से निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चतुर्थ समयमान वेतनमान की पात्रता सूची 3 दिन में जारी हो

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 7 मई।** 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग को लेकर अमर शहीद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के बैनर तले शिक्षकों एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों ने गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदौलिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन डॉ. नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें कहा गया है कि शासन द्वारा चतुर्थ समयमान वेतनमान के आदेश जारी किए जाने के एक माह बाद भी पात्र शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल सका है, जिससे शिक्षकों में गहरा असंतोष है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सूची जारी करने में देरी हो रही है, जिसके कारण पात्र शिक्षक आर्थिक एवं सेवा संबंधी लाभों से वंचित हैं। उन्होंने पात्र कर्मचारियों की सूची का परीक्षण कर तत्काल जारी किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में 3 दिन में सूची जारी न होने पर शिक्षकों की ओर से आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

**ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल :** ज्ञापन सौंपने के दौरान विमलेश यादव, रघुराज परमार, डॉ. हरेंद्र तोमर, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, ऋषि शर्मा सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों की उपस्थिति थे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तवीरों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला पंचायत कार्यालय भिंड के सभाकक्ष में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान, मानव सेवा एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले रक्तवीरों, समाजसेवियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

**कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन :** कार्यक्रम कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समन्वयन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र परिहार द्वारा किया गया।

**रक्तदान को बताया महादान :** आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने रक्तदान को सबसे बड़ा जीवनदान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंदों का जीवन बचा सकता है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी समाज में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है। किसी संस्था की ताकत उससे जुड़े लोगों की संख्या और उनके समर्पण से मापी जाती है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी जानकारियां भी कई बार किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक होती हैं। युवाओं से नियमित रक्तदान करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है और इससे स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलता है।

### संस्थाओं एवं रक्तदाताओं का सम्मान

कार्यक्रम में नवजीवन सहायतार्थ संगठन भिण्ड, जीवनदायनी रक्तदान समिति भिण्ड, संजीवनी रक्तदान समिति भिण्ड सहित अन्य संस्थाओं को रक्तदान एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। फूप एवं गोहद में आयोजित रक्तदान शिविरों के रक्तदाताओं सहित समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सहित 50 से अधिक रक्तदाताओं एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संगठन, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# देवरी गांव में टीकाकरण जागरूकता बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 8 मई।** स्वास्थ्य विभाग एवं यूनीसेफ के सहयोग से शुक्रवार को मेहगांव ब्लॉक के ग्राम देवरी में टीकाकरण

## ग्रामीणों को किया जागरूक

जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया।




बैठक को संबोधित करते हुए यूनिसेफ एमपीवीएचए के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गणेश शाक्य ने कहा कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही ग्रामीणों को टीकाकरण सारणी की जानकारी देते हुए समय पर टीके लगवाने की अपील की। उन्होंने समुदाय से ऐसे परिवारों की पहचान करने का आग्रह किया, जो किसी कारणवश बच्चों का टीकाकरण नहीं करा पा रहे हैं। साथ ही स्थानीय नागरिकों से टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने में सहयोग मांगा। बैठक में ।।क्क्ङ् वैक्सीन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (।।क्क्ङ्) वैक्सीन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक है। 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को यह वैक्सीन लगवाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सीएचओ डॉ. रामवीर गुर्जर, एएनएम प्रियंका, आशा कार्यकर्ता कमला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जौरा में संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन 15 से

**मुरैना/जौरा, 7 मई।** कस्बा जौरा की अग्रवाल धर्मशाला में आगामी 15 मई से संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अग्रसेन भक्त मंडल के तत्वावधान में होगा। आयोजकों द्वारा श्रीराम कथा के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर लीं गईं है। आयोजन के दौरान अयोध्या से पधार रहे बाल संत श्याम सुंदरदास महाराज द्वारा अपने मुखारबिंद से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का अमृतपान कराया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कथा पंडाल में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें कथा का रसपान करने में परेशानी न हो।

## जनगणना-2027 : रोजगार सहायक पर कार्रवाई को लेकर प्रस्ताव भेजा

**मुरैना/जौरा, 7 मई।** जौरा में जनगणना-2027 कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार जौरा बीके मिश्रा ने बतौर प्रगणक काम कर रहे नरहौली पंचायत के रोजगार सहायक राजपाल रावत द्वारा लापवाही बरतते हुए समय पर कार्य पूर्ण नहीं किए जाने पर कार्रवाई किए जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी की ओर प्रस्ताव भेजा है। तहसीलदार श्री मिश्रा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि सुपरवाइजर द्वारा बार-बार निर्देशित किए जाने के बावजूद संबंधित कर्मचारी ने जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नहीं लिया।

# जल गंगा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 8 मई।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. डबरिया के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर शिव प्रकाश सिंह नरवरिया रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश शर्मा, ब्लॉक समन्वयक जन परिषद अभियान मेहगांव उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. राधा कृष्ण शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों के माध्यम से जल बचाने का संदेश प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रेखा सुमन, प्रो. वंदना श्रीवास्तव एवं प्रो. रामवीर सिंह शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, विषय प्रस्तुतीकरण एवं संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में दीपांजलि भदोरिया ने प्रथम स्थान, पूजा बघेल ने द्वितीय स्थान तथा नंदनी श्रीवास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ दी गईं तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

# संजीव कांकर का बंटू ढाबा पर भव्य स्वागत





**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 8 मई।** मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त संजीव कांकर का आज क्षेत्र के प्रसिद्ध बंटू ढाबा पर प्रथम आगमन हुआ। राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरांत ग्वालियर से भिंड अंचल की यह उनकी पहली यात्रा थी, जिसे लेकर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उत्साह नजर आया।

बंटू ढाबा पहुंचने पर संचालक दिनेश सिंह परिहार 'बंटू' ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर राज्य मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी से पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। स्वागत से अभिभूत श्री कांकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भिंड की यह आत्मीयता हमेशा याद रहेगी।

**स्वाद, गुणवत्ता और साफ-सफाई की खुलकर तारीफ :** कार्यक्रम के समापन पर श्री कांकर ने ढाबे के व्यंजनों का स्वाद चखा और भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, च्बंटू ढाबा स्वाद, गुणवत्ता और साफ-सफाई का अद्भुत संगम है। स्थानीय व्यंजनों को जिस शुद्धता और आत्मीयता से परोसा जा रहा है, वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है।ज्ज उन्होंने संचालक दिनेश सिंह परिहार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

**कार्यकर्ताओं की रही विशेष मौजूदगी :** इस अवसर पर राज्य मंत्री के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में श्री कांकर के नेतृत्व में चंबल अंचल के सर्वांगीण विकास का भरोसा जताया।

### क्षेत्र में खुशी की लहर

राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त होने के बाद श्री संजीव कांकर का यह पहला भिंड प्रवास था, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनके इस दायित्व से भिंड-चंबल क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति मिलेगी। स्वागत के दौरान दिनेश कक्कर, बल्ली पंडित, बंटी त्यागी, सुनील भदोरिया, शरद त्यागी, देवेंद्र पुरोहित, राजा चौधरी, रणजीत कुशवाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।